Chapter- 8

गांधी जी की हिंसा

STUDY NOTES

विषय प्रतिपाद्य :

'गांधि जी की हिंसा' कविता में गांधी व जवाहारलाल नेहरू जी के आपसी संबंधों की मधुरता व प्रतिपादित किया गया है। एक बार रात के अंधेरे में नेहरू जी गांधी जी के लाठि से टकरा गये। कुछ क्रोधित व उन्होंने गांधीजी को ताना दिया कि वे तो अहिंसा के पुजारी हैं, फिर लाठी क्युं अपने पास रखते हैं। गांधीजी ने मजाक में कहदिया की तुम जैसे शरारती लड़कों को नियंत्रण में रखने के लिए लाठी रखनी पड़ती है। इस बात पर दोनों महापुरूष सुनकर हँस पड़े।

मौखिक –

१. श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास –

कुटिया	नन्हा	अँधियारा	अहिंसा	त्वरा
लट्ठ	ध्यान	निर्मल	पंडित	अंधकार

२. कम-से-कम शब्दों में उत्तर दीजिए -

क) गांधी जी का पूरा नाम बताइए।

उ: गांधी जी का पूरा नाम मोहन दास करमचंद गांधी।

ख) गांधीजी के पास कौन गए थे ?

उ: गांधीजी के पास जवाहरलाल नेहरू गए थे।

ग) नन्हा दीपक कहाँ जल रहा था ?

उ: नन्हा दीपक कुटिया के कोने में जल रहा था।

घ) हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री का नाम क्या है ?

उ: हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री का नाम पंडित जवाहरलाल नेहरू है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

लिखित-

१. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों को उचित शब्दों से भरिए-

क) एकबार की बात, गए जब गांधीजी के पास जवाहरलाल।

ख) और पास उनके पहुँचे इस त्वरा में, वे बेचारे लाठी से टकरा गए।

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क) जवाहारलाल जी को लाठी क्यों नहीं दिखाई दी ?

उ: जवाहरलाल जी को रात में अँधेरा होने के कारण बापू की लाठी नहीं दिखी।

ख) गांधीजी की लाठी से टकराने के बाद जवाहरलाल जी की क्या प्रतिक्रिया हुई।

उ: नेहरू जी ने बोला कि आप प्रेम-अहिंसा के पुजारी हैं, फिर पाँच हाथ की डंड़ा क्यों रखा है।

ग) उन्होंने गांधीजी से क्या पूछा ?

उ: जवाहरलाल जी ने गांधीजी से पूछा कि आप तो प्रेम और अहिंसा के पुजारी हैं, फिर ये लाठी क्यों रखी हुई है।

घ) गांधी जी ने जवाहरलाल नेहरू जी को लाठी रखने का क्या कारण बताया ?

उ: गांधीजी ने जवाहरलाल नेहरू जी को उत्तर दिया कि उनके जैसे ऊधमी अर्थात् शरारती लोगों के लिए ही उन्होंने लाठी रखी है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार पूर्वक लिखिए-

क) ‘‘गांधी जी मुसकारा उठे इस क्रोध पर’’ – इस काव्य पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

उ: एक बार नेहरू गांधी जी से मिलने उनकी कुटिया में आए। वे लाठी से टकरा गए। नेहरू जी ने क्रोधित होते हुए गांधी जी से कहा कि वे तो अंहिसा के पुजारी हैं। फिर लाठी क्यों अपने पास रखते हैं। गांधी जी उनकी बात सुनकर मुसकरा दिए।

ख) अंधकार से भरी रात कैसे कदम उठी ? (मूल्यपरक)

उ: जब गांधी जी ने कहा कि शरारती लोगों को नियंत्रण में रखने हेतु यह लाठी अपने पास रखते हैं तब यह सुनकर नेहरू जी हँस पड़ते हैं। बापू भी हँस पड़ते हैं। दोनों की हँसी से अंधकार से भरी रात चमक उठी।

भाषा ज्ञान

१. शब्दों के अर्थ जानकार वाक्य बनाकर लिखिए-

घड़ी (समय बताने वाली घड़ी) मेरे पास एक सुन्दर-सा घड़ी है।

घड़ी (एक पल) माँ अपनी बच्चो को एक घड़ी के लिए भी खेलने को नहीं छोड़ती।

हंस (एक पक्षी)- हंस एक सफेद रंग का पक्षी है।

हँस (हँसना)- गांधी जी की बात सुनकर नेहरू जी हँस पड़ी।

२. तुक मिलते हुए शब्द बनाइए-

छड़ी, घड़ी, लड़ी, चढ़ी, गढ़ी, खड़ी, पढ़ी, मढ़ी

३. समान अर्थ वाले शब्दों में एक ही रंग भरकर जोड़े।

गुस्सा	-	क्रोध	दीया	-	दीप
रात	-	निशा	डंड़ा	-	लट्ठ
चशमा	-	ऐनक	तम	-	अँधेरा

४. कविता में से संज्ञा शब्द छाँटकर तालिका पूरी करें-

व्यक्ति	वस्तु	भाव
गांधी	लाठी	अंधकार
जवाहरलालनहेरू	कुटिरा	निर्मल
	दीप	क्रोध
	हाथ	प्रेम-अहिंसा
	छड़ी	गुस्से में

५. अर्थ जानकर वाक्य पूरे कीजिए-

क) गांधीजी जवाहरलाल जी के **ओर** देख रहे हैं।
गांधीजी **और** जवाहरलाल जी बात करते हैं।

ख) गांधीजी **बाहर** की ओर चले गए।
गांधीजी के आश्रम में **बहार** आ गई।

ग) जवाहरलाल जी ने बाजार से कुछ **सामान** खरीदा।
गांधी जी जवाहरलाल जी के विचार एक **समान** थे।

◆◆◆